भा.वा.अ.शि.प. - वन उत्पादकता संस्थान, राँची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आयोजित

दिनांक : 02 से 04 मार्च , 2024 तक "कृषि नवाचारों द्वारा पोषण, आय तथा रोजगार संवर्द्धन" मेला 2024 में सहभागिता प्रतिवेदन

भावाअशिप - वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक, डॉ.अमित पाण्डेय के नेतृत्व, समूह समन्वयक अनुसंधान, डॉ. योगेश्वर मिश्रा के निर्देशन में तथा श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर, प्रभारी अधिकारी विस्तार के मार्गदर्शन में वन उत्पादकता संस्थान, राँची के एक दल श्री रवि शंकर प्रसाद, मुख्य तकनीकी अधिकारी; श्री अरविंद कुमार, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी; श्री बिनोद राम, तकनीकी सहायक; श्री मोहित सतपथी और श्री आनंद किशोर, एम.टी.एस द्वारा दिनांक 02.03.2024 से 04.03.2024 तक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला "कृषि नवाचारों द्वारा पोषण, आय तथा रोजगार संवर्द्धन" में भाग लिया। आवंटित स्टॉल संख्या 68 में संस्थान की अनुसंधान विस्तार गतिविधियों से संबंधित पोस्टर एवं उत्पाद की प्रदर्शनी लगायी गयी। इस मेले में संस्थान को आवंटित स्टॉल में बांस पौधशाला तकनीक, बांस रोपण तकनीक, बांस परिचय एवं उपयोग, टिश्यू कल्चर द्वारा बांस तैयार करने की तकनीक, बांस के साथ कृषि-वानिकी एवं लाह उत्पादन के तकनीकी को पोस्टर के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के बांस एवं अन्य वृक्ष प्रजातियों के पौधों के Live specimen के माध्यम से प्रदर्शित की गई। इसके अलावा कृषकों के बीच पठन सामग्री के रुप में नि:शुल्क पम्पलेट और लीफलेट का वितरण भी किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों तथा लाह के साथ-साथ बांस के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

इस मेले के मुख्य अतिथि, केंद्रीय कृषि मंत्री, श्री अर्जुन मुंडा, विधायक एवं स्थानीय अधिकारियों के अलावा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, अन्य विश्वविद्यालय के अधिकारीयों एवं विशिष्ट अतिथियों ने स्टॉल का भ्रमण किया। इस दौरान संस्थान के दल ने संस्थान द्वारा किये जा रहे शोध कार्यों एवं अन्य क्रियाकलापों से माननीय मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को अवगत कराया। इस अवसर पर संस्थान के श्री रवि शंकर प्रसाद, श्री अरविंद कुमार, श्री बिनोद राम, श्री मोहित सतपथी एवं श्री आनंद किशोर उपस्थित रहे।

मेले में आगंतुक किसानों, छात्रों, महिलाओं, स्वयं सहायता समुहों के सदस्यों एवं अन्य संस्थानों से आये हुए सदस्यों के लिए लाह की उन्नत खेती, बांस उत्पादन तकनीक, अकाष्ट वनोत्पाद आदि एवं संस्थान द्वारा बांस के विभिन्न प्रजातियों (रोपा बांस, तरल बांस, पीला बांस, लाठी बांस, भालु बांस, काला बांस एवं झाड़ू बांस) तथा अन्य प्रजाति के पौधों के साथ साथ कुछ वानिकी प्रजाति के पौधों को प्रदर्शन के लिए रखा गया और उसके विषय में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन-वर्धन एवं प्रबंधन के श्री रवि शंकर प्रसाद एवं विस्तार प्रभाग के श्री अरविंद कुमार, श्री बिनोद राम, श्री मोहित सत्पत्ती एवं श्री आनंद किशोर ने सराहनीय योगदान दिया।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आयोजित दिनांक : 02 से 04 मार्च , 2024 तक □कृषि नवाचारों द्वारा पोषण, आय तथा रोजगार संवर्द्धन□ मेला 2024 में सहभागिता प्रतिवेदन